Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation

modicarefoundation

दिसंबर 2022

छात्रों के स्वास्थ्य कार्ड को भरती हुई नर्स

ख़्वाबगाह स्कूलों में पूर्णकालिक (फुल टाइम) नर्स

हिफाजत कार्यक्रम के अंतर्गत मोदीकेयर फॉउंडेशन महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने का निरंतर प्रयास कर रहा है। जिसमें वंचित वर्ग को स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। इसके साथ ही, स्वास्थ्य और स्वच्छता के मुद्दों पर जागरूकता फैलाने पर भी ध्यान दिया जाता है और समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य के लिए उचित व्यवहार अपनाने और उसका पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

उपरोक्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, मोदीकेयर फॉउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे चारो ख़्वाबगाह स्कूलों के लिए एक पूर्णकालिक नर्स की नियुक्ति की गई है। जब हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाता है तो वह दाँतों के डॉक्टर, नेत्र चिकित्सक और जनरल फिजिशियन की सहायता करती है। वह छात्रों के विकास दर पर निगरानी रखने के लिए उनकी लंबाई और वज़न का चार्ट भी बनाती हैं।

दिसंबर में हिफ़ाज़त कार्यक्रम के अंतर्गत 766 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और 60 छात्रों को प्राथमिक उपचार दिया गया। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा निर्धारित विकासात्मक मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले बच्चों को पोषण और स्वच्छता के लिए परामर्श दिया गया।

ख़्वाबगाह के छात्रों द्वारा कला और शिल्प कार्य

Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation
modicarefoundation

ख़्वाबगाह जसोला और नूर नगर में क्रिसमस डे सेलिब्रेशन

भारत की समधर्मी परंपरा को ध्यान में रखते हुए, चारो ख्वाबगाह स्कूलों में क्रिसमस बहुत धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों को इस त्योहार के महत्व के बारे में बताया गया, बच्चे क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सांता क्लॉज के रूप में तैयार हुए, उत्सव की भावना को दर्शाने के लिए पेड़ों और कक्षाओं को सजाया गया। विद्यार्थियों ने क्रिसमस कैरोल भी गाए।

ख़्वाबगाह स्कूलों में नर्स के रूप में काम करने का अनुभव – बीजी विनोद

स्कूल और बच्चों के साथ काम करने का यह मेरा पहला अनुभव है। यह मेरी पिछली नौकरी से बहुत अलग है। यहाँ, मैं प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ काम करती हूँ, व्यापक स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ प्राथमिक उपचार भी करती हूँ, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिलती है। मुझे यह जानकर बहुत गर्व हुआ कि मोदीकेयर फॉउंडेशन ने मुझे एक सरकारी स्कूल में पूर्णकालिक नर्स के रूप में नियुक्त किया है। पहले दिन से ही मैंने कक्षाओं में जाकर बच्चों को अपना परिचय दिया, बच्चों ने मुझे प्यार और सम्मान दिया और मुझे स्वीकार किया। मुझे उम्मीद है कि मैं जो काम कर रही हूँ, वह छात्रों के जीवन में बदलाव लाएगा।